# संसार पुस्तक है

Question 1.
लेखक ने प्रकृति के अक्षर किसे कहा है?
(a) पहाड़ों को
(b) नदी और मैदानों को
(c) पक्षियों और पेड़ों को
(d) उपर्युक्त सभी को

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी को

---

Question 2.
लाखों-करोड़ों वर्ष पूर्व हमारी धरती कैसी थी?
(a) बहुत ठंडी
(b) गैस का गोला
(c) बहुत गर्म
(d) रेतीली

▼ Answer

Answer: (c) बहुत गर्म

---

Question 3.
पुराने समय के बारे में हम कैसे जानते हैं?
(a) पुरानी हड्डियों से
(b) पेड़-पौधों से
(c) नदी से
(d) किसानों से

▼ Answer

Answer: (a) पुरानी हड्डियों से

---

Question 4.
"संसार एक पुस्तक है' पाठ के लेखक कौन
(a) प्रेमचंद
(b) विनय महाजन
(c) पं. जवाहरलाल नेहरू
(d) कृष्णा सोबती

▼ Answer

Answer: (c) पं. जवाहरलाल नेहरू

---

Question 5.
नेहरू जी ने यह पत्र किसको लिखा था?
(a) भारत के बच्चों को
(b) अपनी पुत्री इंदिरा को
(c) भारत के साहित्यकारों को
(d) धार्मिक नेताओं को

▼ Answer

Answer: (b) अपनी पुत्री इंदिरा को

---

Question 6.
लेखक के पत्रों का संकलन किस नाम से है?
(a) भारत एक खोज
(b) संसार एक पुस्तक
(c) संसार एक रंग-मंच
(d) पिता के पत्र पुत्री के नाम

▼ Answer

Answer: (d) पिता के पत्र पुत्री के नाम

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

यह धरती लाखों-करोड़ों वर्ष पुरानी है और बहुत दिनों तक इस पर कोई आदमी न था। आदमियों से पहले सिर्फ जानवर थे और जानवरों से पहले . एक ऐसा समय था जब इस धरती पर कोई जानदार चीज न थी। आज जब यह दुनिया हर तरह के जानवरों और आदमियों से भरी हुई है, उस जमाने का ख्याल करना भी मुश्किल है, जब यहाँ कुछ न था। लेकिन विज्ञान जानने वालों और विद्वानों ने, जिन्होंने इस विषय को खूब सोचा और पढ़ा है, लिखा है कि एक समय ऐसा था जब यह धरती बेहद गरम थी और इस पर कोई जानदार चीज नहीं रह सकती थी। और अगर हम उनकी किताबें पढ़ें और पहाड़ों और जानवरों की पुरानी हड्डियों को गौर से देखें तो हमें खुद मालूम होगा
कि ऐसा समय जरूर रहा होगा।

Question 1.
यह धरती पहले कैसी थी?
(a) बेहद गर्म
(b) बेहद उपजाऊ
(c) पानी से भरी
(d) बेहद सूखी

▼ Answer

Answer: (a) बेहद गर्म।

---

Question 2.
पहले धरती पर कोई जानदार चीज क्यों नहीं थी?
(a) क्योंकि धरती बहुत गरम थी
(b) क्योंकि धरती उपजाऊ नहीं थी

(c) क्योंकि धरती जीवन के अनुकूल नहीं थी।
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 3.
वैज्ञानिक किन चीजों से धरती पर जीवों की उत्पत्ति के बारे में जानने की कोशिश करते
उत्तर
(a) पत्थरों से
(b) चट्टानों से
(c) पुरानी हड्डियों से
(d) विभिन्न धातुओं से

▼ Answer

Answer: (c) पुरानी हड्डियों से।

---

(2)

लेकिन जो कहानी किसी बात को देखे बिना ही गढ़ ली जाए वह ठीक कैसे हो सकती है? लेकिन खुशी की बात है कि उस पुराने जमाने की लिखी हुई किताबें न होने पर भी कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनसे हमें उतनी ही बातें मालूम होती हैं | जितनी किसी किताब से होतीं। ये पहाड़, समुद्र, तारे, नदियाँ, जंगल, जानवरों की पुरानी हड्डियाँ
और इसी तरह की और भी कितनी ही चीजें हैं, जिनसे हमें दुनिया का पुराना हाल मालूम हो सकता है। मगर हाल जानने का असली तरीका यह नहीं है कि हम केवल दूसरों की लिखी हुई किताबें पढ़ लें, बल्कि खुद संसार-रूपी पुस्तक को पढ़ें। मुझे आशा है कि पत्थरों और पहाड़ों को पढ़कर तुम थोड़े ही दिनों में उनका हाल जानना सीख जाओगी। सोचो, कितनी मजे की बात है। एक छोटा-सा रोड़ा जिसे तुम सड़क पर या पहाड़ के नीचे पड़ा हुआ देखती हो, शायद संसार की पुस्तक का छोटा-सा पृष्ठ हो, शायद उससे तुम्हें कोई नई बात मालूम हो जाए। शर्त यही है कि तुम्हें उसे पढ़ना आता हो।

Question 1.
बिना किसी को देखे गढ़ी गई कहानी कैसी होती है?
(a) सत्य
(b) काल्पनिक
(c) झूठी
(d) यथार्थ

▼ Answer

Answer: (b) काल्पनिक।

---

Question 2.
हमें पुरानी दुनिया का हाल किन चीजों से पता चलता है?
(a) पहाड़-समुद्र और तारों से
(b) नदियों और जंगलों से
(c) जानवरों की पुरानी हड्डियों से
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 3.
लेखक ने इस संसार को कैसा बताया है?
(a) पुस्तक जैसा
(b) काल्पनिकता से भरा
(c) जंगलों से भरा
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (a) पुस्तक जैसा।

---

Question 4.
एक छोटे-से रोड़े को लेखक ने किस जैसा बताया है?
(a) पत्थर के टुकड़े जैसा
(b) एक तारे जैसा
(c) संसार की पुस्तक के छोटे पृष्ठ जैसा
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) संसार रूपी पुस्तक के छोटे पृष्ठ जैसा।

---